भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2910

जिसका उत्तर 08.08.2024 को दिया जाना है

एनएच-183 का दो-लेन से चार-लेन सड़क में उन्नयन

2910. श्री तमिलसेल्वन थंगा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को डिंडीगुल को कुमुली से जोड़ने वाले दो-लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-183 की वर्तमान स्थिति की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एनएच-183 के इस खंड को चार-लेन मार्ग में उन्नयन करने के लिए कोई प्रस्ताव या योजना बनाई गई है;

(ग) इस मार्ग पर बढ़ते यातायात और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(घ) ऐसे उन्नयन के पूरा होने के लिए अनुमानित बजट और निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या इस संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन या पर्यावरणीय प्रभाव आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त परियोजना के पूरा होने पर स्थानीय लोगों और समग्र क्षेत्रीय विकास को होने वाले अपेक्षित लाभों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वक्कमपट्टी गांव में 640 मीटर के खंड को छोड़कर, जहां भूमि का कब्जा अभी तक नहीं सौंपा गया है, डिंडीगुल - थेनी - कुमुली खंड का 134 किलोमीटर लंबा सड़क खंड जनवरी, 2023 में पेव्ड शोल्डर के साथ दो लेन में उन्नयन किया गया है।

(ख) से (च) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत प्रक्रिया है। इस मंत्रालय को तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्य सरकारों से राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा/ उन्नयन/ विकास के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और राशि की उपलब्धता तथा पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं। डिंडीगुल-कुमुली को 4 लेन बनाने हेतु डीपीआर आमंत्रित की गई है।

*****